प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 12.10.2024

- **लाइसेंसी शस्त्र का खुलेआम प्रदर्शन करते हुए रील बनाने का वीडियो प्रकाश में आने पर कानपुर देहात पुलिस की त्वरित कार्यवाही...**
- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुये 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात मे आम जनमानस में कम्यूनिटी पुलिसिंग व जीरो टालरेन्स की नीति के क्रम मे दिनांक 11.10.2024 को सोशल मीडिया साइट एक्स (ट्विटर) पर कानपुर देहात के झींझक में रेलवे ओवर ब्रिज पर मार्ग अवरूद्ध कर लाइसेंसी शस्त्र का खुलेआम प्रदर्शन करते हुए रील बनाने का वीडियो प्रकाश में आया था, जिसपर थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर प्रकरण की जाँच की गयी तो प्रथम दृष्टया वायरल वीडियो सत्य पाये जाने पर तत्काल उक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना मंगलपुर पर **मु0अ0सं0 260/2024 धारा 29/30 आयुध अधिनियम बनाम 01 नफर नामजद व 01 अज्ञात** पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग में तत्काल कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 12.10.2024 को नामजद अभियुक्त 1.रजनीश सिंह सिकरवार पुत्र राधे सिंह निवासी गोविन्दनगर औरैया जनपद औरैया तथा प्रकाश में आये अभियुक्त 2.अर्पित कुमार पुत्र अखिलेश कुमार निवासी इकौरापुर जनपद औरैया को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री शिवकुमार शर्मा
2. उ0नि0 श्री कमलेन्द्र सिंह
3. कां0 1050 राहुल कुमार
4. कां0 390 पुष्पेन्द्र सिंह